shanti
OVERSEAS (INDIA) LTD. (UNIT-II)
synthesizing organically

CIN : U51211MP2011PLC025807
GST : 23AAPCS6907C1ZD
IEC : 1111000905

16th November, 2022

To,
The Manager
Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Bandra Kurla Complex, Bandra (East)
Mumbai – 400 051

**Subject : Disclosure regarding publication of Unaudited Financial Results for the Quarter and Half year ended on 30th September, 2022 in Newspapers**

Dear Sir/ Ma'am,

With reference to the captioned subject and pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copy of newspaper clippings of un-audited financial results of the Company for the quarter and half year ended on 30th September, 2022, published in 'Financial Express' (English Newspaper) and 'Indore Samachar' (Hindi Newspaper) on 16th November, 2022 pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

This is for the information of the Exchange and members thereof. Kindly take the same on record.

Thanking you,

**For Shanti Overseas (India) Limited**

Ramita Otwani
Company Secretary

Regd. Office : 203, 2nd Floor, N.M. Verge, 8/5
Yeshwant Niwas Road, Indore (M.P.) – 452003
T: +91-731-402586,+91-731-4020587
E: mail@shantioverseas.com
W : www.shantioverseas.com

# न्यूज़ BRIEF



## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित झाबुआ में सहकारी सप्ताह अन्तर्गत ध्वजारोहण किया गया

**झाबुआ।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. झाबुआ प्रधान कार्यालय मे 69 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह अन्तर्गत बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.एस.वसुनिया द्वारा सहकारी ध्वज फहराकर ध्वजारोहण किया गया एवं सामूहिक रूप से सहकारी गीत गाया गया । बैंक के महाप्रबंधक श्री वसुनिया द्वारा सहकारी ध्वज के सात रंगो पर आधारित सात सिद्धांतो की बात कही एवं सभी साथ मिलकर कार्य करे यही सहकारिता है। आजादी के अमृत महोत्सव मे शासन द्वारा सहकारिता के क्षैत्र के नित नये नये विकासात्मक कार्य किये जा रहे है । इस अवसर पर कक्ष प्रभारी एच.ए.के.पाण्डेय, हेमन्त नीमा, मनोज कोठारी एवं प्र.शाखा प्रबंधक श्री दिलीप वाणी सहित प्रधान कार्यालय एवं मुख्य शाखा का समस्त स्टॉफउपस्थित रहा ।

## शा. आदर्ष महाविद्यालय झाबुआ में भगवान बिरसा मुंडाजी की जयंती मनाई गई, लिया संकल्प



**झाबुआ।** मप्र शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार भगवान श्री बिरसा मुंडाजी की जयंती के उपलक्ष्य में 15 नवंबर, मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस शासकीय आदर्ष कॉलेज झाबुआ में मनाया गया। जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मुकेश बघेल ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एससी जैन ने भगवान श्री बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपने जीवन में अंगीकार करने का सभी को संकल्प दिलवाया तथा अत्याचार एवं शोषण के विरुद्ध लड़ने का आदर्श श्री बिरसा मुंडाजी को बताया। प्रो. रितू विश्वकर्मा ने भगवान श्री बिरसा मुंडाजी की संघर्ष यात्रा और उनका देश की स्वतंत्रता दिलाने में योगदान पर प्रकाश डाला।

**यह रहे उपस्थित**-इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ दिलीप परसेंडैया ,डॉ अनिता डाबर, डॉ. कीर्ति सिंगोरिया, प्रो. केसरसिंह ठाकुर, प्रो. अमर मालवीय, प्रो. मुकेश सूर्यवंशी, प्रो. सोनिया चौहान, प्रो वंदना पारकर ,प्रो. जगदीश पावरा, प्रो. अमर मेहता, श्री राकेश डामोर आदि उपस्थित थे। अंत में आभार प्रो. संजय खांडेकर ने माना।

## काल भैरव मंदिर पर बाबा का जन्मोत्सव एवं अष्टमी पर्व मनाया जाएगा

झाबुआ। शहर के कुरैषी कपाउंड में शासकीय आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के सामने स्थित श्री काल भैरव मंदिर पर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी 16 नवंबर, बुधवार को बाबा का जन्मोत्सव एवं अष्टमी पर्व मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के सेवक हर्ष सक्सेना ने बताया कि इस दिन सुबह 9 बजे से मंदिर में स्थापित समस्त प्रतिमाओं का महाभिषेक बाद 10 बजे से मंदिर परिसर में हवन पष्चात् दोपहर 12 बजे महाआरती एवं 12.30 बजे से महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। दिनभर मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों का आना-जाना लगा रहेगा। मंदिर सेवक हर्ष सक्सेना एवं मंदिर से जुड़े समस्त भक्तजनों ने शहर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने की अपील की है।




### शिवकुंड धाम पर किया आयोजन

# बिरसा मुंडा जयंती पर ढोल ढमाको के साथ निकाली शोभायात्रा

**पेटलावद**

**भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है ।विभिन्न स्थानों पर जनजाति गौरव दिवस मनाया गया ।क्षेत्र ब्रह्मलीन संत श्यामाचरण दास जी की तपोभुमि शिवकुंड धाम पर बिरसा मुंडा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन किया ।गुरुदेव नर्मदे हर की प्रेरणा और मम ग्राम तीर्थ समिती और संस्कृत प्रचारक मोहन डामर के मार्ग दर्शन मे कार्यक्रम आयोजन किया ।जिसमे विशेष रुप से शिंगेश्वर धाम के गादीपति रामेश्वरगिरी जी महाराज उपस्थित रहे ।इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी संस्कृति के साथ समाजजन शोभायात्रा में निकले ।ढोल मांदल पर नृत्य करते हुए समाज जनों ने खुशियां मनाई।**





### जयंती पर किया पौधारोपण

वही तीर कामठी के साथ नृत्य करते हुए निकले।इस दौरान एक बालिका हाथों में कलश और नारियल लेकर शोभायात्रा में साथ चली।शोभायात्रा मे भगोरिया की झलक दिखाई दी।वही इसमे महिलांए भी शामिल रही।शिवकुंडेश्वर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना की गई।इस दौरान भगवान के झंडे हाथों में लेकर पारंपरिक आयोजन किया।इस दौरान शोभायात्रा में शामिल होने वाले नागरिकों ने हाथ में झंडे उठा कर चल रहे थे।वही विशेष रूप से जयंती के अवसर पर पौधारोपण का कार्यक्रम भी किया गया।शोभायात्रा में प्रकृति को दर्शाने हाथों में पौधा लेकर नृत्य करते हुए समाज के निकले।शोभायात्रा में पांच घोड़ों पर पौधा लेकर बालक बालिकाएं बैठे थे।सभी ने बिरसा मुंडा की तस्वीर और जय बिरसा के नारो के साथ शिवकुंड धाम गुंजायमान हो गया।छोटे बच्चे भी हाथों में ध्वजा लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए।शोभायात्रा का विभीन्न स्थानो पर स्वागत किया गया।शोभायात्रा के साथ ग्रामीण जनो को भारतीय संस्कृति की बात कही।वही अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया।वही शोभायात्रा के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन पांचपिपला मे किया गया।

## नटराज ग्रुप ने पशुपतिनाथ महादेव मेले के सास्कृतिक रंगमंच पर प्रस्तुती दी

मंदसौर । सोमवार की रात्रि को श्रीमती पशिता दवे व श्री हरिश दवे ने पशुपतिनाथ महादेव मेले के सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुती दी । कार्यक्रम की शुरूआत में गणेश वंदना के गीत पर ग्रुप के युवक युवतियो ने नृत्य किया । इसके बाद 8 वर्षीय बालिका ने दोलीडा गीत पर प्रस्तुती दी । बालिका दिक्षा बुलचंदानी ने दिया तौसे लागे रे..गीत पर नृत्य की प्रस्तुती दी । इन दोनो प्रस्तुतियो को उपस्थित श्रोताओ ने खुब सराहा दी । अनुराग पण्ड्या ने तेरी मिटटी में मिल जावा । देश भक्ति गीत पर नृत्य किया । बालिका मोहा कश्यप् व दिशा बुलचंदानी ने भरत नाट्यम शैली में अदभुत नृत्य की प्रस्तुती दीं । बालिका सुमति ग्रुप डांस किया सुश्री दिपिका मावर ने कविता पाठ किया । रोहित व उनके ग्रुप ने नृत्य नाटिका की प्रस्तुती दी । कपिल बामनिया ने भी कई गीतो की प्रस्तुती दी । सिजे सभी ने सराहा । गोपाल ग्वाला ने भी गीत की प्रस्तुती दी । संचालन नमन जैन किया । श्रीमती यशिता दवे ने मालवा की माटी पर गीत प्रस्तुती दी ।

## आज दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन होगा

मंदसौर। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला, गौरव महोत्सव समिति सभापति श्रीमती भारती धीरज पाटीदार सीएमओ श्री प्रेम कुमार सुमन ने बताया कि दिनांक 16 नवम्बर बुधवार को प्रात 11 बजे दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र जिला चिकित्सालय के पीछे पर दिव्यांग स्वास्थ परीक्षण होगा। मंदसौर नगर के सभी दिव्यागंजनो से नपा अपील करती है कि गौरव महोत्सव के अंतर्गत आयोजित दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सहभागीता करे तथा स्वास्थ का परीक्षण कराये।



## आचार्य नित्यसेनजी का अपनी जन्मभूमि हुआ भव्य प्रवेश,

राणापुर गुरु महेश जैन। पुण्य सम्राट श्री जयंतसूरीश्वर जी के पट्टधर वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य नित्यसेन सूरीश्वरजी एवं मुनिराज चारित्ररत्न जी,प्रशम सेन जी,निपुणरत्न जी,तारक रत्न जी आदि मुनिमण्डल का राणापुर नगर में भव्य प्रवेश हुआ । आचार्य श्री एवं मुनि मंडल के अगवानी नगर परिषद अध्यक्ष दीपमाला नलवाया,उपाध्यक्ष प्रियंका आशीष सोनी एवम सकल जैन श्री संघ की ओर से अध्यक्ष दिलीप सकलेचा ने की । आचार्य श्री अपनी जन्मभूमि रानापुर नगर में प्रवेश कर सीधे श्री महाविदेह मधुकर धाम दादाबाड़ी पहुंचे । यहां पर शांतिलाल सकलेचा परिवार व दादावाड़ी ट्रस्ट की ओर से उनकी अगवानी की गई । समस्त समाजजन आचार्यश्री के दर्शनार्थ दादावाड़ी पहुंचे और यहां से एक भव्य चल समारोह बैंड बैंड बाजों के साथ निकला । चल समारोह में सबसे आगे आचार्य श्री अपने मुनिमंडल के साथ चल रहे थे । आचार्य श्री के समक्ष जैन समाज के अलावा नगर के अनेक घरों से भी अक्षत एवं श्रीफल के द्वारा गहुली की गई । नगर परिषद राणापुर द्वारा समस्त पार्षदों एवम भाजपा मंडल अध्यक्ष कीर्तिश राठौड़, जिला महामंत्री सोमसिंह सोलंकी,दिलीप नलवाया,आशीष सोनी के साथ महावीर आइल मिल के सामने आचार्यश्री को वन्दन करते हुए गहुली की । वही बोहरा समाज ने आचार्य श्री को कामली ओढाई । शोभायात्रा नगर के समस्त मार्गो से होती हुई श्री राजेन्द्र भवन पहुँची । यहां पर आचार्यश्री के मंगलाचरण के पश्चात पूण्य सम्राट की तस्वीर पर दिप प्रज्वलन रमेशचंद्र नाहर,अनिल सेठ ,दिलीप सकलेचा ने किया ।

### बेटे ने की पिता की हत्या, मॉ ने भी दिया साथ, पुलिस ने 24 घंटे में सनसनी खेज अंधे कत्ल का किया पर्दाफाश,-साइबर सेल व डाग स्कावड की रही अहम भूमिका,-02 आरोपी गिरफ्तार

# आरोपी फरियादी ही निकला पिता का हत्यारा





**शाजापुर, निप्र । जिला मुख्यालय से 13किमी दूर कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम कांकडी में किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे में ही सनसनी खेज अंधे कत्ल का किया पर्दाफाश कर हत्या के दो आरोपीयों को गिरफतार किया है । पुलिस कन्ट्रोल रूम पर एसपी जगदीश डावर व एएसपी टी.एस.बघेल ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि ग्राम कांकड़ी मे दरबार सिंह नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी ।**

पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुची घटना स्थल को सुरक्षित किया एवं एफएसएल टीम डाग स्कावड टीम द्वारा घटना स्थल पर उपस्थित होकर मौके का निरीक्षण किया। घटना स्थल निरीक्षण के दौरान मृतक का शव मृतक के खेत के पास ही खटीया पर मिला तथा जहा खुन लगे कपडे, बिस्तर आदी मिले। बाद मौके पर कायमी का असल अपराध कमांक 561 / 22 धारा 302 भादवि की विवेचना शुरू की गई। एसपी श्री डावर ने बताया कि विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने परिजनों से व गांव वालो से पुछताछ कर घटना के संबंध में बारिकी से जानकारी ली गई। पूछताछ एवं विवेचना में आये तथ्यों के आधार पर मृतक के पुत्र एवं उसकी पत्नि पर ही शंका जाहिर की गई। मृतक के लड़के लोकेन्द्र एवं मृतक की पत्ति सावित्रि उर्फ काली बाई से गंभीरता से पुछताछ एवं घटना के संबंध में जानकारी ली गई। पुछताछ के दौरान दोनो ने बताया की उनके द्वारा ही मृतक दरबार सिंह राजपुत की मारपीट कर हत्या की गई है। तथा अपराध जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी लोकेन्द्र द्वारा बताया गया की उसके पिताजी उसकी पहली मां की मृत्यु होने के बाद से ही उनकी दुसरी पत्नि सावित्रि बाई उर्फ काली बाई और पुत्र लोकेन्द्र पर शंका करते थे। और आए दिन लोकेन्द्र व दुसरी पत्नि सावित्रि बाई से गालीगलोच कर मारपीट करते थे जिस कारण पिता से प्रताडित होकर लोकेन्द्र व सावित्रि ने मिलकर दरबार सिंह की हत्या को अंजाम दिया विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सनसनी खेज हत्या के मामले का खुलासा करने में एसडीओपी श्रीमती दीपा डोडवे, कोतवाली थाना प्रभारी अवधेश कुमार शेषा, साइबर सेल प्रभारी अंकित मुकाती, उनि रविता चौधरी, उनि सुरेन्द्र मेहता, प्रआर 650 राकेश राठौर आरक्षकगण 49 कपिल नागर, 53 शैलेन्द्र गुर्जर, 605 योगेन्द्र सिंह गुर्जर, महिला आरक्षकगण टीना राजपुत, रीना राजपुत व एफएसएल टीम डाग स्कावड टीम का विशेष योगदान रहा। एसपी श्री डावर ने टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा भी गई है।

# शारदा विद्या मंदिर हिन्दी माध्यम बिलिडोज में 14 राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया

झाबुआ। शारदा विद्या मंदिर हिन्दी माध्यम बिलिडोज झाबुआ में 14 नवंबर, को राष्ट्रीय बाल दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस दिन विद्यार्थियों के लिए विभिन्न पारंपरिक खेलो का आयोजन किया गया। जिसमें पव्वा पाली, पक्कड़म पाटी, सितोलिया, रस्सा खेच का बच्चों ने जमकर आनंद लिया। संस्था संचालिका श्रीमती किरण शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल दिवस



की शुभकामनाएं दी एवं भावी भविष्य के लिए सभी प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। समस्त विद्यार्थियों को उनके द्वारा अभी तक विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में की गई सहभागिता का पीपीटी भी दिखाया गया।

**भगवान श्री बिरसा मुंडाजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**-संस्था संचालिका श्रीमती किरण शर्मा, प्राचार्य डॉ. कंचन चौहान के साथ समस्त स्टॉफ ने विद्यार्थियों के साथ समरसता पर बातचीत करते हुए अल्पाहार का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में 15 नवंबर को भगवान श्री बिरसा मुंडाजी की जयंती होने से उनकी प्रतिमा पर छात्र परिषद् के पदाधिकारी एवं संस्था संचालिका श्रीमती शर्मा, प्राचार्य डॉ. चौहान के साथ समस्त स्टॉफ ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

# झाबुआ निवासी श्रीमती गंगा गौयल को संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया

झाबुआ। मप्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका महासंघ का 9वां अधिवेशन देवास जिले के बांगर गाव स्थित अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडकल कॉलेज में संपन्न हुआ। जिसमे नवीन प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। जानकारी देते हुए आंगनवाड़ी-कार्यकर्ता सहायिका संघ संबंन भारतीय मजदूर संघ की नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती गंगा गोयल ने बताया कि 13 नवंबर को देवास जिले के बांगर गांव स्थित अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल कॉलज में संघ का बां प्रांतीय अधिवेशन हुआ। जिसमे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई।जिसमेंसंघ के प्रदेष अध्यक्ष पद पर वसुंधरा सीहोर, उपाध्यक्ष पद पर झाबुआ-पारा निवासी श्रीमती गंगा गोयल, सचिव एवं महामंत्री पद पर एक बार फिर समस्त कार्यकर्ताओं ने अपना विश्वास प्रकट करते हुए संगीता श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है।

**समस्त मांगों के निराकरण की मांग रखी** -इस अवसर पर प्रदेष महामंत्री श्रीमती श्रीवास्तव ने समस्त कार्यकर्ताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से आप सभी ने मुझ पर विश्वास जताते हुए एक बार फिर मुझे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस पर वह पूरी तरह से खरी उतरने



की कोशिश करेंगी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं की समस्त मांगों के निराकरण करने के लिए सरकार से निवेदन करेंगी,

**कलमबंद हड़ताल की जाएगी**-अधिवेशन में कार्यकर्ताओं ने अपनी मांग शासकीय कर्मचारी घोषित करने वेतन वृद्धि सहित 18 सूत्रीय मांगों को नवनियुक्त पदाधिकारियों के समक्ष रखा एवं कहा कि यदि सरकार संघ की वाजिब मांगों के संबंध में कोई जवाब नहीं देती है तो समस्त सहायिका एवं कार्यकर्तागण कलम बंद हड़ताल करेंगी। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष संजय परासिया, प्रभारी वंदना राजोरिया, केंद्रीय महामंत्री शर्मिष्ठा जोगी, केंद्रीय उपाध्यक्ष रंजना राणे सहित अन्य जिलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।


## सिस्ट्रो टेलीलिंक लिमिटेड

CIN: L19201MP1992PLC006925

पंजीकृत कार्यालय: 208, एरियन हाईट्स, ए.बी. रोड इन्दौर म.प्र.

**30.09.2022 को समाप्त हुई तिमाही एवं अर्द्धवार्षिकी के गैर अंकेषित वित्तीय परिणाम**

(रुपये लाख में)

| क्रमांक | विवरण | 30.09.2022 को समाप्त तिमाही | (30.09.2022) को समाप्त अर्द्ध वार्षिकी (ईयर टू डेट फिगर्स गत वर्ष समापन) | 30.09.2021 को समाप्त तिमाही |
|---|---|---|---|---|
| | | गैर-अंकेषित | गैर-अंकेषित | गैर-अंकेषित |
| 1. | संचालनों से कुल आय | 6.79 | 12.45 | 7.29 |
| 2. | अवधि का शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवाद एवं/अथवा असाधारण मदों पर कर से पूर्व) | 0.09 | -2.77 | -1.04 |
| 3. | कर पूर्व अवधि का शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवाद एवं असाधारण मदों के पश्चात) | 0.09 | -2.77 | -1.04 |
| 4. | कर पश्चात अवधि का शुद्ध लाभ/(हानि) अपवाद एवं/ अथवा असाधारण मदों के पश्चात | 0.09 | -2.77 | -1.04 |
| 5. | अवधि की कुल व्यापक आय (अवधि के सम्मिलित लाभ/(हानि) (कर पश्चात एवं अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) | 0.09 | -2.77 | -1.04 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 513.43 | 513.43 | 513.43 |
| 7. | रिजर्व (पुर्नः मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि गत वर्ष की अंकेषित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है | -70.48 | -70.48 | -68.81 |
| 8. | प्रतिशेयर आय (प्रत्येक 1/-रुपया) (चालू एवं बंद संचालनों बाबद) | | | |
| | (क) बेसिक | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | (ख) डाईल्यूटेड | 0.00 | 0.00 | 0.00 |

नोटः उपरोक्त परिणाम का विवरण स्टॉक एक्सचेंज में सेबी **(लिस्टिंग आब्लीगेशंस एण्ड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स)** के रेग्युलेशंस 2015 के विनिमय 33 के अन्तर्गत तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट www.bseindia.com(s) एवं कम्पनी वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

संचालक मंडल के आदेशानुसार
सिस्ट्रो टेलीलिंक लि. तर्फे
हस्ता/-अरुण कुमार शर्मा
निदेशक/DIN No.: 00 369461

स्थानः इन्दौर
तिथिः 14.11.2022



## शांति ओवरसीस (इण्डिया) लिमिटेड

CIN : L51211MP2011 PLC 025807

पंजीकृत कार्यालय : 203, दूसरी मंजिल, एन.एम. वर्गे, 8/5 यशवंत निवास रोड इंदौर म.प्र. 452003

वेबसाईट : www.shantioverseas.com ईमेल : mail@shantioverseas.com : फोन +91-731-4020586, +91-731-4020587

**30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वार्षिकी के गैर अंकेषित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्रं. | विवरण | तिमाही समापन 30/09/2022 (गैर अंकेषित) | तिमाही समापन 30/06/2022 (गैर अंकेषित) | तिमाही समापन 30/09/.2021 (गैर अंकेषित) | अर्द्धवार्षिकी समापन 30/09/2022 (गैर अंकेषित) | अर्द्धवार्षिकी समापन 30/09/2021 (गैर अंकेषित) | वर्ष समापन 31/03/2022 (अंकेषित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालनों से कुल आय | 3,711.29 | 9,912.84 | 741.46 | 13,624.14 | 3,468.26 | 20,307.18 |
| 2. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं/अथवा असाधारण मदों पर कर से पूर्व) | (281.80) | (221.59) | (341.10) | (503.39) | (349.26) | 334.93 |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (असाधारण मदों के पश्चात) | (281.80) | (221.59) | (341.10) | (503.39) | (349.26) | 334.93 |
| 4. | शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (असाधारण मदों के पश्चात) | (278.97) | (218.04) | (294.55) | (497.02) | (302.71) | 309.70 |
| 5. | अवधि की कुल व्यापक आय (अवधि का सम्मिलित लाभ/(हानि) एवं अवधि की अन्य व्यापक आय कर पश्चात) | (278.84) | (217.29) | (294.55) | (496.14) | (302.71) | 312.70 |
| 6. | पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य प्रत्येक रुपए 10/-) | 1,110.60 | 1,110.60 | 1,110.60 | 1,110.60 | 1,110.60 | 1,110.60 |
| 7. | रिजर्व (पुर्नः मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर गत वर्ष की अंकेषित बैलेंस शीट के अनुसार) | - | - | - | - | - | 2,128.32 |
| 8. | प्रतिशेयर आय (चालू एवं बंद संचालनों बाबद) (क) बेसिक | (2.51) | (1.96) | (2.65) | (4.48) | (2.73) | 2.79 |
| | (ख) डाईल्यूटेड | (2.51) | (1.96) | (2.65) | (4.48) | (2.73) | 2.79 |

नोटः 1. 30 सितंबर 2022 को समाप्त अर्द्धवार्षिकी के समेकित वित्तीय परिणाम कंपनीज (इण्डियन अकाउंटिंग स्टैंण्डर्ड) नियम, 2015 (आई एण्ड डी ए एस) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 में निर्धारित एवं अन्य लेखा पद्धतियों व 1 अप्रैल 2020 से प्रभावशील नीतियों में प्रदत्त मानदण्ड के अनुसार बनाये गये हैं। कंपनी ने 1 अप्रैल, 2019 से पहली मर्तबा आई एण्ड डी ए एस को प्रथम बार अंगीकार किया है।

2. स्टैण्ड अलोन वित्तीय परिणामों की अतिरिक्त सूचनाएं निम्नानुसार है :- (रुपये लाख में)

| क्रं. | विवरण | तिमाही समापन 30/09/2022 (गैर अंकेषित) | तिमाही समापन 30/06/2022 (गैर अंकेषित) | तिमाही समापन 30/09/.2021 (गैर अंकेषित) | अर्द्धवार्षिकी समापन 30/09/2022 (गैर अंकेषित) | अर्द्धवार्षिकी समापन 30/09/2021 (गैर अंकेषित) | वर्ष समापन 31/03/2022 (अंकेषित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | संचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 283.71 | 1,637.33 | 603.50 | 1,921.04 | 3,312.05 | 7,041.40 |
| II | लाभ/हानि कर पूर्व | (153.10) | (121.03) | (274.87) | (274.13) | (168.35) | 57.79 |
| III | लाभ/हानि कर पश्चात | (151.27) | (118.67) | (252.94) | (269.94) | (124.49) | 50.65 |

3. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखा समिति की 14 नवम्बर, 2022 को सम्पन्न बैठक में की गई, तत्पश्चात संचालक मण्डल की बैठक में 14 नवम्बर, 2022 को स्वीकृति प्रदान की गई।
4. गत वर्षों के आंकड़े आवश्यकतानुसार यथा जगह री ग्रुप/ री अरेंज किये गये हैं।
5. उपरोक्त परिणाम विवरण स्टॉक एक्सचेंज में सेबी **(लिस्टिंग आब्लीगेशंस एण्ड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स)** के रेग्युलेशंस 2015 के विनिमय 33 के अन्तर्गत 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त अर्द्धवार्षिकी के दाखिल समेकित एवं स्टैंड अलोन वित्तीय परिणामों विस्तृत प्रारूप का सार है। 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त अर्द्धवार्षिकी के समेकित एवं स्टैंड अलोन वित्तीय परिणामों के विस्तृत परिणाम कम्पनी की वेबसाईट www.shantioverseas.com एवं एनएसई की वेबसाईट (www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

स्थानः इन्दौर
तिथि : 14 नवंबर, 2022

आयुष कचोलिया
पूर्णकालिक निदेशक DIN: 03096933